तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 1 नवंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



13 कस्तूरबा विद्यालय में धूमधाम से मना राष्ट्रीय एकता दिवस





12 प्रश्न करना ज्ञान की पहली सीढ़ी, इससे ही मानसिक...




## खबर संक्षेप

### राजपूत क्षत्रिय समाज नवागढ़ की दिवाली मिलन एवं बैठक रविवार को

**नवागढ़।** राजपूत क्षत्रिय समाज पंजीयन क्रमांक 1282 की ओर से दिवाली मिलन एवं बैठक का आयोजन रविवार को दोपहर 2 बजे से मंगल मिलन भवन, नवागढ़ में किया जाएगा। समाज के सचिव टिकेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में समाजजन एकत्र होकर दीपावली मिलन समारोह मनाएंगे। साथ ही समाज के विकास, एकता एवं संगठन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा भी की जाएगी।

### दीपावली मिलन व एकादशी मानस महोत्सव 2 को

**नवागढ़।** माँ भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा के तत्वावधान में तथा माँ भद्रकाली तहसील मानस संघ नवागढ़ एवं ग्राम हरमुड़ी के समस्त मानस परिवारों के सहयोग से दीपावली मिलन एवं एकादशी मानस महोत्सव–2025 का भव्य आयोजन रविवार, 2 नवंबर को प्रातः 10 बजे से ग्राम हरमुड़ी में किया जाएगा।
यह आयोजन श्रीरामचंद्र की अनुकंपा एवं दंडी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज (सपाद लक्षेश्वरधाम, सलधा) के सानिध्य में सम्पन्न होगा। महोत्सव में मानस प्रेमियों व श्रद्धालुओं के संग भक्ति संगीत, लोक भजन एवं संगीतिक प्रस्तुतियों से पूरा ग्राम हरमुड़ी भक्तिमय वातावरण में डूब जाएगा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में श्रद्धा के फूल मानस परिवार हरमुड़ी (नवागढ़), माई कृपा मंडली हथमुड़ी (बेमेतरा), जय श्रीराम मंडली सोमई कला (साजा), जय गंगा मैया मंडली नेवनारा (बेरला), ममता बालिका मानस परिवार नवागढ़, उमंग मानस परिवार दर्री, तथा कलाकार राजकुमार ताम्रकार (बेरला) की विशेष प्रस्तुति होगी। महोत्सव के दौरान क्षेत्र के लगभग 13 प्रतिभाशाली मानस कलाकारों का सम्मान भी किया जाएगा। माँ भद्रकाली शेष पेज 12 पर

## परेशानी : किसान बोले- पहले सूखा सताया, अब बारिश ने रुलाया

# कटाई के वक्त हुई बरसात से खेतों में फंसीं फसलें, मजदूरी में हुई बढ़ोतरी







हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

पहले बारिश के लिए आसमान की ओर टकटकी लगाए किसान अब उसी आसमान को देखकर मुंह बिचका रहे हैं। पहले बादल रूठे थे, खेत सूख गए थे -अब जब धान कटाई को तैयार हुआ, तब ऊपरवाले ने ऐसा 'लेट मानसून' भेजा कि खेतों में धान नहीं, धानपानी योजना शुरू हो गई है। दो दिन की बारिश और तेज हवा ने खेतों में सुनहरी फसल को ऐसा गिराया कि अब वह किसानों की आंखों में चुभ रही है। खेतों में हर तरफ पानी, कीचड़ और गिरे हुए पौधों का समंदर। जो फसल कुछ दिन पहले तक लहलहाती मेहनत थी, अब गीली मुसीबत बन गई है।

**मजदूरों ने बढ़ाए भाव – 'धान नहीं, सोना काट रहे हैं' वाली फिलिंग:** पहले 250 रुपये में दिनभर कटाई करने वाले मजदूर अब 300 से 400 रुपये की डिमांड पर आ गए हैं। वो भी ऐसे रौब में मानो खेतों में सोना काटने जा रहे हों। एक किसान ने व्यंग्य में कहा — धान तो गीला पड़ा है, पर मजदूरों की जेबें सूखने नहीं दे रहे। अब हालत यह है कि हार्वेस्टर मशीनें फँस रही हैं और मजदूर रेट लिस्ट लेकर घूम रहे हैं।

हर गांव में वही कहानी-धान बिछा, किसान बेचाराः नवागढ़, मूरता, नांदघाट, बाघुल, प्रतापपुर, गाड़ामोर-हर तरफ एक जैसा मंजर है। खेतों में पानी की चादर, मेड़ों से बहता मटमैला पानी, और किनारे खड़ा किसान जो अब आसमान को देखकर शेष पेज 12 पर

### मोन्था तूफान का असर समाप्त लेकिन बारिश की आशंका बनी

■ दिन का तापमान चार डिग्री नीचे लुढ़ककर पहुंचा 26 डिग्री

**बेमेतरा।** जिले में चक्रवात मोन्था का असर कमजोर पड़ गया है। बताया जा रहा है कि तूफान पश्चिम की ओर आगे बढ़ गया है। जिससे हवाओं की रफ्तार तो कम हो जाएगी, परन्तु - बारिश की गतिविधियों में कमी आने की संभावना कम है। अगले 24 घंटे हल्की बारिश देखने को मिलने के आसार जताए गए हैं। हालांकि ठंडी हवाओं के आगमन की वजह से तापमान में गिरावट भी संभावित है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार चक्रवात मोंथा का अवशेष चिन्हित निम्न दाब के रूप में पूर्वी विदर्भ और उससे लगे दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर स्थित है तथा यह उत्तर-उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके साथ तो ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। आगे यह उत्तर दिशा की ओर आगे बढ़ते हुए पूर्वी मध्यप्रदेश और उससे लगे उत्तर छत्तीसगढ़ की ओर गमन करते हुए निम्न दाब के क्षेत्र के रूप में अगले 24 घंटे में परिवर्तित होने की



संभावना है। जिले में 31 अक्टूबर हल्की से मध्यम वर्षा हुई थी। जिसके उपरांत धान की कटाई में एक तरह से ब्रेक लग गया है वहीं अब किसान मौसम के खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

दिनभर बदली-बारिश फसल प्रभावित

पिछले तीन दिनों से अंचल में तूफान के असर से बारिश देखने को मिल रहा है। इसका सीधा असर खेतों में खड़ी फसल पर दिखाई दे रहा है। किसानों के अनुसार दिवाली बाद से कटाई का दौर शुरू हो गया है, लेकिन बारिश को देखते हुए कटाई अभी रूकी हुई है। वहीं बारिश के चलते कई खेतों में फसल गिर गई है। जिससे सीधा नुकसान देखने को मिल रहा है।

### क्षतिपूर्ति की मांगमज

किसान नेता रोशन धर दीवान ने सरकार पर तंज कसा - पिछले साल का बीमा नहीं मिला, सूखा राहत भी नहीं। अब अगर सरकार 'बारिश बोनस' दे दे तो शायद खेत में नाव चलाने लायक हो जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन तुरंत गिरदावली कर किसानों को राहत राशि दे, वरना नुकसान इतना है कि फसल तो गई, पर हौसला भी डगमगाने लगा है।

### कृषि विभाग की टीम आने वाली है, पर कब-कोई नहीं जानता!

विभागीय अधिकारी दावा कर रहे हैं कि गिरदावली की तैयारी चल रही है और जल्द अधिकारी मौके पर पहुंचेंगे। किसान कहते हैं- जब खेत का पानी सूख जाएगा, तब जरूर आएंगे- ताकि पैर गीले न हों।

### मौसम का मिजाज फिर बिगड़ने के आसार

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में फिर हल्की बारिश की संभावना जताई है। यानी अब किसानों का दर्द अभी खत्म नहीं। कुछ किसानों ने मजाक में कहा - धान तो गया, अब मछली पालन का रजिस्ट्रेशन करा लेंगे। कम से कम कुछ तो निकलेगा इस पानी से।

# बीमार मूक पशुओं स्थिति संभालने पहुंची पशु चिकित्सा विभाग की टीम






हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ कलेक्टर के निर्देश पर पशुओं की बीमारी पर त्वरित कार्रवाई

विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम उसलापुर, बिरमपुर, बिटकुली, झिरिया एवं आदु के बीच स्थित मानव निर्मित वन रोपणी क्षेत्र में पशुओं में बीमारी ओर मौत की खबर के बाद जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया। कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देश के पश्चात पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पशु स्वास्थ्य रक्षा एवं परीक्षण की जांच समिति का गठन किया गया। जांच के दौरान मौके पर पशु बीमार पाए गए, जिसके पश्चात विभागीय अधिकारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की एक विशेष टीम गठित की गई। उक्त टीम द्वारा पशुओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार कार्य प्रारंभ किया गया। प्रशासन ने जानकारी दी कि पशु चिकित्सा अधिकारी प्रतिदिन स्थल पर उपस्थित होकर निरंतर निरीक्षण करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा पशुओं के लिए पोषक आहार एवं चारा-पानी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही प्रशासनिक कर्मचारियों की ड्यूटी भी क्षेत्र में लगाई गई है ताकि किसी भी प्रकार की स्थिति पर तुरंत नियंत्रण किया जा सके।

### पोषण व्यवस्था में न हो कमीः कलेक्टर

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र में निरंतर निगरानी रखी जाए तथा पशुओं के स्वास्थ्य एवं पोषण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कमी न हो। ग्राम उसलापुर, बिरमपुर, बिटकुली, झिरिया एवं आदु में मूक पशुओं की भूख ओर बीमारी की वजह से दम तोड़ रहे थे जिसकी खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था।

# बेमेतरा जिला मुख्यालय में उमड़ेगी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ तीन दिवसीय भव्य राज्योत्सव कार्यक्रम का होगा आयोजन

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर जिला मुख्यालय में तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।इसी क्रम में बेमेतरा जिला मुख्यालय में 2,3 और 4 नवंबर को विशेष उत्साह और पारंपरिक गौरव के साथ स्थापना दिवस मनाया जाएगा। राज्य शासन द्वारा जारी कार्यक्रम सूची के अनुसार, बेमेतरा जिले में आयोजित मुख्य राज्योत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे।

कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक कला, और हस्तशिल्प की झलक देखने को मिलेगी। जिला मुख्यालय परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, हस्तशिल्प प्रदर्शनी, स्थानीय उत्पादों की झांकी, तथा शासन की विकासपरक योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे। राज्य शासन ने निर्देश दिए हैं कि राज्योत्सव का आयोजन जनभागीदारी के साथ गरिमामय और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध हो, ताकि प्रदेश की एकता, विकास और सांस्कृतिक गौरव का संदेश पूरे राज्य में प्रसारित हो सके।

**प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत से होंगे रूबरू :** तीन दिवसीय सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में 02 नवम्बर लोक कला रंग (लहरगंगा) अर्जुंदा, जिला बालोद, पारंपरिक लोक नृत्य और छत्तीसगढ़ी गीतों से सजेगा पहला दिन।03 नवम्बर आरु साहू धमतरी, छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देंगे। तीसरे दिन 04 नवम्बर नितिन दुबे – प्रसिद्ध लोकगायक, लोकप्रिय छत्तीसगढ़ी गीतों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर करेंगे। राज्योत्सव कार्यक्रम के माध्यम से बेमेतरा जिले में छत्तीसगढ़ की "गौरवशाली परंपरा, लोक संस्कृति और विकास की यात्रा" को प्रदर्शित किया जाएगा। आयोजन स्थल पर रंगीन रोशनी, सजावट और लोककला की झलकियों के बीच नागरिकों को मनोरंजन के साथ-साथ प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत से रूबरू होने का अवसर मिलेगा।

# विद्यार्थियों ने एकता, अखंडता और सौहार्द्र बनाए रखने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ राष्ट्रीय एकता दिवस पर रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, बेमेतरा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के सहायक प्राध्यापकगण ने भी विशेष रूप से सहभागिता दी और विद्यार्थियों को एकता एवं अखंडता के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के अधिष्ठाता के संबोधन से हुआ, जिन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों, प्राध्यापकगण एवं स्टाफ सदस्यों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। शपथ में सभी ने यह संकल्प लिया कि वे देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए सदैव समर्पित रहेंगे और समाज में आपसी भाईचारे एवं सौहार्द्र की भावना को मजबूत करेंगे।

### सरदार ने देश को एक सूत्र में पिरोयाः अधिष्ठाता

अधिष्ठाता ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरदार पटेल के दृढ़ निश्चय और अदम्य नेतृत्व ने देश को एक सूत्र में पिरोया, और आज उनके योगदान को याद करते हुए हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम भी राष्ट्र की एकता और प्रगति में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील शेष पेज 12 पर

# जिला पुलिस ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर कराई रन फॉर यूनिटी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रख, भाईचारे और सद्भावना को बढ़ाने का दिया संदेश

पुलिस ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया, जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं और नागरिकों ने उत्साहपूर्ण सहभागिता दी। पुलिस कंट्रोल रूम बेमेतरा परिसर से एसएसपी ल रामकृष्ण साहू और नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ की गई। यह कार्यक्रम भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं आंतरिक सुरक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस दौरान एसएसपी रामकृष्ण साहू ने कहा कि हम सभी एकजुट होकर देश की एकता और अखंडता को बनाए रखें तथा भाईचारे और सद्भावना का संदेश समाज में फैलाएं। नगर पालिका अध्यक्ष श्री विजय सिन्हा ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के अद्वितीय योगदान को याद करना ही नहीं, बल्कि उनके राष्ट्र एकीकरण के विजन को आत्मसात करना भी है।

### राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा हैं पटेल

जिस अखंड भारत का सपना सरदार पटेल ने देखा था, उसे आज की युवा पीढ़ी इस एकता दौड़ के माध्यम से सजीव कर रही है। उनके आदर्श आज भी राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा बने हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह आयोजन सामाजिक समरसता, देशभक्ति और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को और मजबूत करेगा। रन फॉर यूनिटी में एएसपी ज्योति सिंह, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### हरिभूमि माह अक्टूबर 2025 का मासिक बिल

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 29 दिन | 5.00 | 145.00 |
| | कुल | 145.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक अक्टूबर 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।

व्यवस्थापक
















# राज्योत्सव में नजर आएगी 25 सालों की विकास यात्रा, बिखरेगी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती के अवसर पर प्रदेश के अन्य जिलों के साथ ही दुर्ग जिला मुख्यालय में भी 2 से 4 नवंबर तक जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आमंत्रण पत्र छपाई एवं वितरण, मंच, स्टॉल, बेरिकेडिंग, सोफा-कुर्सी, माइक, लाइटिंग, सांस्कृतिक दलों एवं कलाकारों के चयन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा, कार्यक्रम स्थल पर वाहन पार्किंग एवं निर्गम स्थल पर यातायात व्यवस्था, अतिथियों हेतु शाल-श्रीफल एवं मोमेंटो की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर फर्स्ट एड किट एवं एम्बुलेंस व्यवस्था, अतिथियों एवं कलाकारों के सत्कार, पानी टैंकर एवं पेयजल की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर जनरेटर की व्यवस्था आदि की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि विभाग के अंतर्गत 25 वर्षों की विकास यात्रा की थीम पर योजनाओं तथा उपलब्धियों की पोस्टर-बैनर अथवा लाइव प्रदर्शन व प्रदर्शनी स्टॉल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। 4 नवंबर को लोक माया की गायन एवं नृत्य प्रस्तुति, स्कूली बच्चों का कार्यक्रम, आद्या सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, रेणु साहू द्वारा पंडवानी गायन और ज्यीति ध्रुव द्वारा म्युजिकल फाउंडेशन गायन व नृत्य की प्रस्तुति होगी। इसके साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

**2 से 4 नवंबर तक पुरानी गंजमंडी में होंगे सांस्कृतिक आयोजन, सरकारी इमारतों में होगी रोशनी**

### महिला समूहों के उत्पादों की लगाई जाएगी प्रदर्शनी

विभागीय स्टॉल 02 नवंबर को दोपहर 12 बजे तक तैयार कर लिए जाएं। प्रदर्शनी में राज्य सरकार की योजना जिससे लोग लाभान्वित हो रहे हैं, प्रदर्शित किए जाएं। वहीं हितग्राही मूलक योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति में यहां की संस्कृति की झलक हो। कार्यक्रम के दौरान परिसर स्थल की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रत्येक विभागीय स्टॉल में डस्टबिन रखना सुनिश्चित किया जाए।



### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की होगी प्रस्तुति, बच्चे दिखाएंगे हुनर

जिला स्तरीय राज्योत्सव के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति होगी। 02 नवंबर 2025 को सोनाली सेन द्वारा सरगम-ए-म्यूजिकल, आद्या पाण्डेय द्वारा कत्थक, कमलेश कुमार दिल्लीवार द्वारा भरतनाट्यम, स्कूली बच्चों का नृत्य कार्यक्रम, माधवी देवांगन द्वारा भरतनाट्यम, और लोकधारा की गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति होगी। 3 को स्वरांजलि संगीत द्वारा हिन्दी बॉलीवुड म्युजिकल, विनय गायकवाड़ द्वारा ओड़सी नृत्य, स्कूली बच्चों के कार्यक्रम, सृष्टि बिश्वास द्वारा कत्थक, प्रतिमा बारले द्वारा पंडवानी गायन, माटी की महिमा सांस्कृतिक दल द्वारा गायन एवं नृत्य और लोककला मंच द्वारा गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति होगी।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**दुर्ग।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर की भर्ती 2025-26 हेतु ऑनलाईन लिखित परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त प्रशिक्षण रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में 1 नवम्बर को सुबह 6 से 8 बजे तक होगा। जिले के अभ्यर्थी जो अग्निवीर की भर्ती 2025-26 के लिये आयोजित ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा के पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक हैं। वे निर्धारित तिथि और समय पर रविशंकर स्टेडियम में उपस्थित होकर प्रशिक्षण ले सकते हैं।

### पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को मिलेगा आधिपत्य पत्र

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में बनाए गए आवास गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए आशा की नई किरण बन रहे हैं।निगम सीमा के अंतर्गत गणपति विहार, सरस्वती नगर और माँ कर्मा साइट पर एएचपी घटक अंतर्गत निर्मित आवासों का लाभ लगातार हितग्राहियों को मिल रहा है। इन स्थलों से बड़ी संख्या में पात्र आवेदनों की प्राप्ति हो रही है। पात्र हितग्राहियों के बीच पारदर्शिता बनाए रखने हेतु प्रत्येक माह लॉटरी प्रणाली के माध्यम से आवास आवंटन किया जाना है। इस माह भी लॉटरी निकालकर चयनित 07 हितग्राहियों को आवास का आधिपत्य प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर तथा कार्यपालन अभियंता एवं नोडल के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इसमें 4 हितग्राहियों को गणपति विहार, 1 को सरस्वती नगर तथा 2 हितग्राहियों को माँ कर्मा साइट पर आवास का अधिकार प्रदान किया गया। आवंटन से पूर्व सभी हितग्राहियों ने निर्धारित अंशदान राशि निगम कोष में जमा की। इसके बाद उन्हें विधिवत रूप से आधिपत्य प्रमाण पत्र सौंपे गए।

## उच्च शिक्षामंत्री टंकराम वर्मा साइंस कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में हुए शामिल

# प्रश्न करना ज्ञान की पहली सीढ़ी, इससे ही मानसिक विकास, राजा दशरथ के समय से यह हमारी परंपरा रही

**नई शिक्षा नीति को लेकर विशेषज्ञों ने किया मंथन, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया**

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ की भारतीय ज्ञान परंपरा-सृजन और संरक्षण की अंतर्यात्रा विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन साइंस कॉलेज के सभागार में आयोजित किया गया। उच्च शिक्षा मंत्री  टंकराम वर्मा प्रमुख रूप से शामिल हुए। टंक राम वर्मा ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। छत्तीसगढ़ की स्मृति और भारतीय संस्कृति दोनों ही अत्यंत समृद्ध हैं।

हमारी मूल अवधारणा अतिथि देवो भवः और वसुधैव कुटुम्बकम के भाव पर आधारित है। भारतीय सभ्यता विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक है, जो भौगोलिक या राजनीतिक सीमाओं से नहीं, बल्कि अपनी ज्ञान परम्पराओं और आध्यात्मिक मूल्यों से पहचानी जाती है। उन्होंने कहा कि भारत की परम्पराएं केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जीवन जीने की दिशा भी प्रदान करती हैं। उन्होंने वेद, उपनिषद, आयुर्वेद, ज्योतिष, खगोलशास्त्र, गणित और दर्शन जैसे विषयों की समृद्ध परम्परा का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परम्पराओं का आधार आध्यात्म, नैतिकता और व्यवहारिकता है। प्राचीन गुरुकुलों में शिक्षा का लक्ष्य केवल आजीविका नहीं, बल्कि व्यक्ति के भीतर चरित्र, अनुशासन और समाज के प्रति समर्पण का संस्कार स्थापित करना था।





### नई शिक्षा नीति रोजगार, संस्कृति और अध्यात्म को जोड़ने वाली, इस बात को हर वर्ग तक पहुंचाना आवश्यक

वर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 इसी परम्परा को आधुनिक रूप में आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच पर आधारित यह नई नीति शिक्षा को रोजगार, संस्कृति और अध्यात्म से जोड़ने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि आज का सृजन ही कल के विश्वगुरु भारत का आधार बनेगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि वे ज्ञान परम्परा के सबसे बड़े संरक्षक और सृजनकर्ता बनें। उन्होंने कहा कि प्रश्न करना ही ज्ञान की पहली सीढ़ी है। प्रश्न करने से ही ज्ञान में वृद्धि होती है। राजा जनक के दरबार में भी सवाल और विचार-विमर्श ही ज्ञान का आधार थे। भारतीय विद्वानों का उल्लेख करते हुए वक्ता ने कहा कि आर्यभट्ट के शून्य और दशमलव पद्धति से लेकर कालिदास, तुलसीदास, कबीर, रहीम और मीराबाई की रचनाओं तक भारत की ज्ञान परम्परा ने विश्व को नई ऊंचाइयां दी हैं।

### भारत की शिक्षा पद्धति बुद्धिमान बनाने के साथ विवेकवान, संस्कृति को सहेजने वाला बनाती है

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 मनुष्य को केवल बुद्धिमान ही नहीं बल्कि विवेकवान बनाती है और यह भारतीय संस्कृति को उसकी जड़ों से जोड़े रखने का माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है वर्ष 2047 तक भारत को विकसित, सक्षम और स्वच्छ राष्ट्र बनाना। इस दिशा में केन्द्र और राज्य सरकार भी सक्रियता से कार्य कर रही है और यह लक्ष्य तभी संभव होगा जब हम सभी मिलकर कार्य करें। इस अवसर पर साइंस कॉलेज के प्राचार्य अजय कुमार सिंह, संयोजक डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. संजय तिवारी, महेन्द्र कपूर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## राज्य स्थापना दिवस पर 4500 से अधिक आवासों में होगा गृह प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर जिले के हजारों हितग्राहियों को एक साथ अपने सपनों के गृह में प्रवेश मिलने जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पूरे प्रदेश में 1 नवम्बर को सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह नवा रायपुर, अटल नगर में आयोजित होगा, जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराएंगे। यह क्षण उनके जीवन का उत्सव होगा। जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 1 नवम्बर को 4500 से अधिक आवासों में गृह प्रवेश किया जाएगा। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में पारंपरिक उत्सवमय वातावरण रहेगा। नवनिर्मित घरों को दीपों से सजाया जाएगा, रंगोलियों से आंगन सुसज्जित होंगे, और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हितग्राही अपने-अपने नए घर में प्रवेश करेंगे। कार्यक्रम के दौरान आभार पत्र, स्मृति चिन्ह एवं खुशियों की चाबी भी प्रदान की जाएगी। कलेक्टर अभिजीत सिंह और सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि यह सामूहिक गृह प्रवेश केवल ईंट और गारे का उत्सव नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन में स्थायित्व, सम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है एक सशक्त छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक कदम।

## डिजिटल क्रॉप सर्वे और गिरदावरी सत्यापन के लिए अब 30 नवंबर तक का समय

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले के साथ-साथ समस्त राज्य के किसानों के लिए अच्छी खबर है। शासन के निर्देश पर होने वाले डिजिटल क्रॉप सर्वे और गिरदावरी सत्यापन की अवधि 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 30 नवंबर तक कर दी गई है। इस प्रकार एक महीने का अतिरिक्त समय दिया गया है।इससे किसानों को राहत मिलेगी। बीजेपी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनायक ताम्रकार ने बताया कि इस विषय को लेकर प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह  ठाकुर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की गई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने किसानों की समस्या को जानते हुए समस्या का निराकरण कराया। एक महीने का अतिरिक्त समय उपलब्ध कराया। उन्होंने कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप का भी आभार व्यक्त किया है। साथ ही एग्रीस्टैक पंजीयन की भी समय सीमा बढ़ाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जो किसान छूट गए हैं, उन सभी का पंजीयन करने का मौका दिया जाए। इससे किसानों को बढ़ी राहत मिलेगी।



- बीजेपी किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का माना आभार

## एफसीआई में श्रमदान कर की गई सफाई, स्वच्छता का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

भारतीय खाद्य निगम मंडल कार्यालय ने भारत सरकार के निर्देशानुसार 2 से 31 अक्टूबर 2025 तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा विशेष अभियान 5.0 को सफल बनाया। इस एक माह के विशेष अभियान के तहत कार्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सफाई आधारित श्रमदान गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान का मुख्य उद्देश्य कार्यालय में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण को सुनिश्चित करना और कर्मचारियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अभियान के दौरान, कार्यालय, भाखानि डिपो और एसडब्ल्यूसी में सफाई की गुणवत्ता में सुधार, कचरे के उचित निपटान और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। मंडल प्रबंधक नन्नुरु अशोक कुमार रेड्डी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने और इसे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। उन्होंने अभियान के सफल आयोजन में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के सक्रिय सहयोग की सराहना की।

- 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा अभियान

## बेमौसम बारिश ने डुबाई किसानों की मेहनत ...



**दाढ़ी।** बेमौसम बारिश ने किसानों की उम्मीद पर पानी फेर दिया है। इस साल बारिश की वजह से किसान की धान की फैसले पूरी बर्बाद हो चुकी है।मिली जानकारी के अनुसार दाढ़ी अंचल के सभी गांव में बेमौसम बारिश के चलते किसानों के धान पूरी तरह भीग चुका है जिससे भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है । पचभैया निवासी कमलेश चंद्राकर ने बताया कि अभी धान की कटाई चल रही है और धान की करपा खेत पर ही पड़े हुए हैं कटी फसल पर बारिश के कारण अंकुरित (जरई) की  आना शुरू हो चुका है। जिसके चलते किसान बहुत उदास एवं चिंतित हैं।क्षेत्र के किसान गणेश रजक,दसरू, शिवकुमार रजक ने प्रशासन से जल्द से जल्द फसल क्षति सर्वे कराने मांग की है। ताकि प्रभावित किसानों को मुआवजा और फसल बीमा क्लेम का लाभ मिल सके। कमलेश चंद्राकर ने  कहा कि किसान पहले ही लागत मूल्य और बाजार मूल्य के अंतर से परेशान हैं। ऐसे में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान ने उनकी स्थिति और भी दयनीय बना दी है। शासन को संकट की गंभीरता समझते हुए त्वरित राहत कार्य शुरू करना चाहिए।

## देश के विकास में भारतीय संस्कृति और युवाओं के योगदान का बताया महत्व

**दुर्ग।** सार्वजनिक संत श्री गजानन महाराज मंदिर समिती गजानन नगर दुर्ग में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। मंदिर के अध्यक्ष राजेश रडके द्वारा वार्षिक गतिविधियां प्रस्तुत कि गई। समिति के सचिव प्रशांत डोनगांवकर ने वार्षिक प्रतिवेदन और नरेंद्र इंगले ने वार्षिक लेखाजोखा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभात घडोले ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छग आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगाव प्रांत प्रमुख और ज्योतिष डॉ निलेश शर्मा प्रमुख रुप से मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने वर्तमान परिस्थिति में भारतीय संस्कृती विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। देश के विकास में भारतीय संस्कृति के योगदान एवं महत्व को स्पष्ट करते हुये उन्होंने आज के युवाओं के दायित्व को स्पष्ट किया। इस अवसर पर उपस्थित योगेश चांडक, वास्तुविद एवं सीए सुनील अग्रवाल ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा की समाज को संघटित करने कि दिशा में यह एक सराहनीय योगदान है।



## मन की बात कार्यक्रम में दुर्ग विधानसभा को प्रदेश में प्रथम

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 127वें एपिसोड को लेकर दुर्ग विधानसभा क्षेत्र ने पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने भारतीय जनता पार्टी दुर्ग के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को लेकर दुर्ग शहर के भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह रहता है। प्रत्येक माह समाज के विभिन्न वर्गों के साथ बैठकर इस संवाद को सुनने की परंपरा दुर्ग में बनी है। गजेन्द्र यादव स्वयं जनसंपर्क एवं सार्वजनिक आयोजनों के माध्यम से आमजन को मन की बात सुनने के लिए प्रेरित करते हैं।

## पेज 11 के शेष

### कटाई के वक्त हुई बरसात ...

बस मुस्कुरा देता है।=किसान चंद्रपाल साहू ने कहा, पहले कम बारिश से पैदावार घटी, अब ज्यादा से नुकसान बढ़ा। अब तो खेती नहीं, कॉमेडी शो लग रहा है!

### दीपावली मिलन व ...

तहसील मानस संघ नवागढ़ के उपाध्यक्ष सनत साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी श्रद्धालु व मानस प्रेमी अपने परिवार सहित उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक आयोजन का पुण्य लाभ प्राप्त करें और जीवन को भक्तिरस से सराबोर करें।

### विद्यार्थियों ने एकता, अखंडता ...

की कि वे देश की अखंडता के प्रति सजग रहें और समाज में शांति, समानता और सहयोग की भावना को बढ़ावा दें। **राष्ट्रीय एकता को सशक्त बनाएंः रासेयो** कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने एकता दिवस के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए और सभी से आह्वान किया कि वे अपने कार्यों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को सशक्त बनाएं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं आपसी सौहार्द्र की भावना को सशक्त करना और उनमें देशभक्ति तथा जिम्मेदारी की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसके पश्चात सभी प्रतिभागियों ने एकजुट होकर "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के संकल्प को दोहराया।

## कांग्रेसियों ने दाऊ वासुदेव चंद्राकर की पुण्यतिथि पर आयोजित किए कार्यक्रम

# दाऊ वासुदेव 30 साल तक अविभाजित दुर्ग जिले के अध्यक्ष रहे

**राजीव भवन शनिचरी बाजार में अर्पित की गई श्रद्धांजलि**

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग में जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई नगर ने संयुक्त रूप से दुर्ग जिले के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक व 30 साल तक दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष रहे दाऊ वासुदेव चंद्राकर की 18वीं पुण्यतिथि मनाई। सर्वप्रथम मालवीय नगर चौक में स्थित दो वासुदेव चंद्राकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समस्त कांग्रेसियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद राजीव भवन में उनका तैलय चित्र स्थापित किया गया। जिले के वरिष्ठ कांग्रेसियों ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने उन्हें नमन किया।

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि गांव वासुदेव चंद्राकर बहुत ही अलग स्वभाव के नेता रहे। जिले में 30 साल तक जिला अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने कांग्रेस का नेतृत्व किया। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रहते हुए भी किसानों के मुद्दे हो या पार्टी के कोई भी मुद्दे हो वह विपक्ष के साथ-साथ पार्टी में भी मुखर नेता की पहचान बनाई इसलिए उन्हें सिर्फ छत्तीसगढ़ नहीं मध्य प्रदेश की राजनीति में उन्हें चाणक्य कहा जाता था। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा की दवा वासुदेव चंद्राकर जी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ साथ जिले के कई नेता के आदर्श और राजनीतिक गुरु रहे। संगठन में उनके द्वारा किए गए कार्यों को स्मरण करते हुए आत्मसात करते हुए हम भी उनके आदर्शों का पालन करते हुए कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा दाऊ संगठन में बहुत ही मजबूत नेतृत्व करते थे। पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि दाऊ विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने संगठन और कांग्रेस की मजबूती के लिए काम किया। हर वर्ग को जोड़ा, किसान और ग्रामीण परिवेशन में रहने वालों के उत्थान के लिए अनेकों का काम किया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक बदरुद्दीन कुरैशी, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू और भिलाई जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, विशाल देशमुख ने संबोधित किया। आभार प्रदर्शन पूर्व विधायक का प्रतिमा चंद्राकर ने किया। संचालन प्रवक्ता नासिर खोखर ने किया। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा,पूर्व महापौर शंकर लाल ताम्रकार, राजेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, रिवेंद्र यादव, देवेंद्र देशमुख, संजय कोहले, राजेश यादव, राजकुमार पाली सहित अन्य मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### अंतर इस्पात संयंत्र फुटबॉल स्पर्धा बीएसपी टीम के चयन कल

**भिलाई।** इस्को इस्पात संयंत्र द्वारा बर्नपुर में दिनांक 11 से 15 नवम्बर तक एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा फुटबॉल ग्राउंड, मरोदा सेक्टर में1 नवम्बर को दोपहर 3 बजे से बीएसपी फुटबॉल टीम के चयन के लिए चयन स्पर्धा आयोजित की गई है।प्रतियोगिता में बी.एस.पी. / माइंस में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी/परिविक्षारत कार्मिक/वार्ड एवं टाउनशिप के बेरोजगार युवक ही भाग ले सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी 1 नवम्बर को दोपहर 3 बजे के पूर्व चयनकर्ताओं विश्वनाथ मजूमदार व अब्दुल गफफार तथा प्रोतिम घोष के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

### गाय को टक्कर मारने पर मारपीट, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** वाहन चालक द्वारा गाय को टक्कर मारने को लेकर हुए विवाद के मामले में पुलिस ने 6 युवकों के खिलाफ अपराध कायम किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि वेदांत मिश्रा ने शिकायतत किया कि अक्षय पुरी गोस्वामी अपनी इलेक्ट्रानिक वाहन से रायपुर काम से जा रहा था। इस दौरान चरोदा स्थित गुरूद्वारा के सामने अचानक गाय दौडकर सड़क पर आ गई। चालक उसे टक्कर मार दिया। घटना को देख युवा शक्ति का अंशु यादव अपने दोस्तों के साथ घटनास्थल पर पहुंचा। वेदांत से गाय को ठोकर मारने के कारण उसका उपचार कराने के एवज में दस हजार रूपये का डिमांड करने लगे। घटना में अक्षय को भी चोट आई थी। उक्त पुरानी रंजिश के चलते पीड़ित वेदांत के मोबाइल पर कॉल आया। युवक ने स्वयं को युवा शक्ति का कार्यकर्ता होना बताकर मिलने की बात कही थी। अंशु ठाकुर, अब्दुल तस्लीम उर्फ टल्ली, प्रदीप, लाला, करण गुप्ता, राहुल समेत अन्य लोग पहुंच गए। आरोपियों ने कहा कि गाय के साथ एक्सीडेंट हुआ था। युवा शक्ति के युवको को उपचार के लिए दस हजार रूपए नहीं देने की बात कहकर पीड़ित वेदांत को ओशो उपवन के पास ले गए। जहां पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट कर प्रदीप सोलंकी लोहे के राड से हमला किया।

### राज्य स्तरीय बॉक्सिंग का मुकाबला आज से

**भिलाई।** इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन से मान्यता प्राप्त छत्तीसगढ़ एमेच्योर बॉक्सिंग संघ की वार्षिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में 31 अक्टूबर एवं 1 नवंबर छत्तीसगढ राज्य स्तरीय बॉक्सिंग मुकाबला करवाने का लिया गया। इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन से मान्यता प्राप्त छत्तीसगढ़ एमेच्योर बॉक्सिंग संघ की वार्षिक बैठक अटल बिहारी बाजपाई विश्विद्यालय के सभागार में आयोजित की गई, जिसमें छत्तीसगढ़ एमेच्योर बॉक्सिंग संघ में विभा अवस्थी को सर्वसम्मति से संरक्षक बनाया गया। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शांति बरडिया को सर्वसम्मति से निर्विरोध बनाया गया। उमा शंकर व्यास को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। महासचिव हितेश कुमार तिवारी एवं कोषाध्यक्ष तिलक राज मीणा को बनाया गया। कार्यसमिति में पूर्व सैनिक अरुण सावरकर एवं संगीता शर्मा को कार्यसमिति सदस्य के रूप में नामित किया गया।


## दस्तावेज गुमा

मैं रेखराज मुंदड़ा पिता श्री रानीदान जी मुंदड़ा उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड नं. 09 गंजपारा बेमेतरा, तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.) का निवासी हूँ। यह कि मेरे नाम से एक बैनामा/ पंजीबद्ध विक्रय पत्र/(रजिस्ट्री पेपर) दर्ज है जिसमें विक्रेता का नाम श्रीमती जयराम पिता रामकुमार जाति राजपूत निवासी ग्राम बसनी तहसील बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.) एवं क्रेता का नाम रेखराज मुंदड़ा पिता श्री रानीदान जी मुंदड़ा निवासी वार्ड नं. 09 गंजपारा-बेमेतरा, तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.) है। जिसका खसरा नं. 1/1, रजिस्ट्री दिनांक 04 सितम्बर 2001 को हुआ है जिसका उक्त बैनामा/ पंजीबद्ध विक्रय पत्र/ (रजिस्ट्री पेपर) पंजीवित किया गया है। यह कि उक्त विक्रय पत्र की मूलप्रति क्रेता द्वारा घर में ही कहीं गुम हो गई है। जिसे मेरे द्वारा खोज किये जाने पर मूलप्रति मुझे नहीं मिली है कि उक्त पंजीबध्द विक्रय पत्र की मूलप्रति मिलने की संभावना नहीं है। उक्त रजिस्ट्री पेपर की गुम हो जाने का रिपोर्ट सदर थाना बेमेतरा में दर्ज कराया है ।

प्रार्थी
रेखराज मुंदड़ा
पिता श्री रानीदान जी मुंदड़ा


**जयंती :** रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता निबंध, वाद विवाद प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

# कस्तूरबा विद्यालय में धूमधाम से मना राष्ट्रीय एकता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस को हर वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पूरे भारत में मनाया जाता है। यह दिन महान व्यक्तित्व के धनी भारत के पहले उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित है। भारत के एकीकरण में उनके योगदान तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनकी अविस्मरणीय योगदान के कारण उन्हें भारत का लौह पुरुष भी कहा जाता है।

भारत को सदैव एक सूत्र में बांधे रखा आजीवन भारत की अखंडता एवं राष्ट्रीय एकता पर कार्य किया। इसलिए उनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। पूरा भारत उनकी 150वीं जयंती को धूमधाम से मना रहा है इसी तारतम्य में कस्तूरबा परिवार में



पुलिस उप निरीक्षक शैल शर्मा के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रम जैसे रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता निबंध, वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कस्तूरबा विद्यालय में किया गया। प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे बालिकाओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया कक्षा आठवीं की छात्रा कुमारी मेनका यादव ने सुआ गीत गाकर अतिथियों का मन मोह लिया। संध्या तथा सृष्टि ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया।

### सरदार पटेल के चरित्र से प्रेरित हुए बच्चे

प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला तथा भारत में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा कर बच्चों को उनके संबंध में जानकारी दी साथ ही कहा कि जिला बेमेतरा के पुलिस आपकी सहायता के लिए 24 घंटे उपलब्ध है। किसी भी समय उनकी जरूरत होने पर बच्चे उन्हें हेल्पलाइन नंबर से बुला सकते हैं अपने बीच महिला पुलिस को पाकर बच्चे उत्साहित तथा आनंदित हुए अंत में अधीक्षिका भारती घृतलहरे ने अतिथियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।

### ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में उप निरीक्षक शैल शर्मा, महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे एवं महिला प्रधान आरक्षक रीना गायकवाड, आरक्षक आमिर हुसैन, पी टी आई दिनेश शर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शाला परिवार से शिक्षिका ममता गुरूपंच, राज किरण मिश्रा, गायत्री साहू, विजय लक्ष्मी परगनिया, सावित्री यादव, दीप्ति नौरंगे, अंजू बंजारे उपस्थित रहे ।

## दर्री स्कूल में चला सतर्कता व जागरूकता अभियान



**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल दर्री में शुक्रवार को सतर्कता एवं जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनकर एचपी थानखम्हरिया के आतिथ्य में सतर्कता एवं जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय एकता दिवस पर छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रकला के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं प्रकृति सराबोर चित्र बनाकर प्रस्तुत किया गया। कक्षा आठवीं से प्रथम स्थान पर लक्ष्मी यादव, छठवीं से द्वितीय स्थान पर योगीता पाटिल, सातवीं से तृतीय स्थान पर वरुण साहू ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। कार्यक्रम में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को शिल्ड व टिफिन बॉक्स, कंपास बॉक्स व पानी बॉटल प्रदान कर सम्मानित किया गया। बाकी बच्चो को भी पुरुस्कार के रूप में पेन दिया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किसान मोर्चा अध्यक्ष राजेश राजपूत ,दिनकर प्रसाद पांडेय, जनभागीदारी अध्यक्ष नारायण सिंह, मीडिया प्रभारी वासु सिंह बैस,रोहित साहू, जनक साहू, प्राचार्या दिनेश्वरी लहरे , प्रधान पाठक राजकुमार् ध्रुवे, शिक्षक भवानी नेताम ,गोविंद सोनकर शिक्षिका रीना कांता लकड़ा,संगीता अनंत, अंजनी मिर्झा, सालिक राम पाल, दुर्गा सेन एवं सभी बच्चे सतर्कता एवं जागरूकता अभियान कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने दिलाई राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ



**बेमेतरा।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिला कार्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।

■ लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर एकता, अखंडता और सुरक्षा का लिया संकल्प

इस अवसर पर कलेक्टर रणवीर शर्मा ने जिले के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। शपथ के दौरान सभी ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने का संकल्प लिया। इस दौरान जिले के समस्त जिला अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने हेतु सर्कुलर जारी किया गया है। इसी के तहत बेमेतरा में भी यह कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कलेक्टर शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि सरदार पटेल के जीवन से हमें अदम्य साहस, दूरदर्शिता और देशप्रेम की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने अद्वितीय नेतृत्व से जो मिसाल कायम की, वह आज भी हम सभी के लिए मार्गदर्शक है। शपथ के दौरान जिला कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे अपने देशवासियों के बीच एकता, सद्भाव और राष्ट्रीय अखंडता का संदेश फैलाने का निरंतर प्रयास करेंगे। साथ ही, देश की आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में अपना योगदान देंगे।

**राष्ट्रीय एकता की भावना को करें मजबूत : कलेक्टर :** कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर ने अधिकारियों से अपील की कि वे अपने कार्यों और आचरण से भी राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करें, ताकि हर नागरिक में राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने का भाव विकसित हो। इस प्रकार, सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर बेमेतरा जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस का कार्यक्रम श्रद्धा, सम्मान और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया।

## आंदू स्कूल में मना राष्ट्रीय एकता दिवस



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला आंदू में राष्ट्रीय एकता दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता एवं लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया शिक्षक आशीष वर्मा ने विद्यालय में सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई तथा बच्चों ने राष्ट्रीय एकता के नारे लगाए।

प्राथमिक शाला आंदू में शिक्षक आशीष वर्मा ने राष्ट्रीय एकता दिवस क्यों मनाया जाता है इस विषय पर बच्चों को समझाया राष्ट्रीय एकता और अखंडता हमारे देश की समृद्धि और विकास की आधारशिला है जब देश के सभी नागरिक एकजुट होकर अपने देश के लिए काम करते हैं तभी वह देश मजबूत होता है राष्ट्रीय एकता का अर्थ है देश के सभी लोग एक दूसरे के प्रति सम्मान और एकता की भावना रखें हम आपस में धर्म और जाति को लेकर ना बंटे और ना ही आपस में लड़ाई झगडे करें राष्ट्रीय एकता के लिए हम सभी को आपस में मिलजुल कर एक साथ रहना होगा। राष्ट्रीय एकता के लिए भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान अमूल्य है उन्होंने देश के एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है उनके द्वारा ही रियासतों को भारत देश में शामिल किया गया है और राष्ट्रीय एकता स्थापित की गई सरदार पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम में भी अपना अमूल्य योगदान दिया था सरदार पटेल के नाम से भारत सरकार ने गुजरात में स्टैचू ऑफ यूनिटी सरदार वल्लभभाई पटेल की आदमकद प्रतिमा स्थापित की है जो दर्शनीय स्थल भी बन गया है वह हमें हमेशा राष्ट्रीय एकता का संदेश देता है बच्चों ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के विषय पर लेखन का कार्य भी किया जिसे बच्चों ने प्रार्थना सभा में सुनाया राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर बच्चों ने रैली भी निकाली जिसमें उन्होंने एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक जयनारायण ठाकुर, शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक मुकेश भुआर्य, अनीश दास मानिकपुरी, लक्ष्मण साहू तथा वीरेंद्र बंछोर शिक्षक एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से जयप्रकाश साहू उपस्थित रहे।

## लालपुर में मना राष्ट्रीय एकता दिवस



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर संकुल केन्द्र मुरता के बच्चों एवं स्कूल स्टाफ के द्वारा 31अक्टूबर को स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के जयंती को राष्ट्र की एकता और संकल्प का प्रतीक के रूप में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया और सभी बच्चों एवं स्टाफ मिलकर शपथ लिया गया। शिक्षक शांत कुमार पटेल ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देश के सभी नागरिक चाहे वह कोई भी धर्म, जाति, भाषा व क्षेत्र के हो बिना किसी परवाह के आपसी प्रेम, भाईचारे, और एकजुटता की भावना से एक साथ रहे। जिसमें गरीबी पर अंकुश लगाना और विकासशील देश में मानव और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है। सभी बच्चों ने दृढ़ संकल्प लेते हुए कहा कि विविधता में एकता, सामूहिक पहचान, एकजुटता, मानसिक और भावनात्मक निकटता को बनाए रखते हुए हम सभी उच्च शिक्षा अर्जन कर विकासशील देश निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर के समस्त स्टाफ सतीश कुमार कुर्रे संकुल समन्वयक मुरता, शिक्षक घनश्याम प्रसाद साहू, मोतीराम पात्रे, शान्त कुमार पटेल उपस्थित रहे।

ग्राम विकास कार्य ठप, सरपंचों में नाराज़गी बढ़ी

# प्रधानमंत्री से सरपंच ने शिकायत कर राशि जारी करने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला

छत्तीसगढ़ में पंचायत चुनाव सम्पन्न हुए लगभग आठ महीने बीत चुके हैं, परंतु अब तक राज्य की किसी भी ग्राम पंचायत को 15वें वित्त आयोग की राशि का आवंटन नहीं किया गया है। इससे पंचायतों के विकास कार्य रुक गए हैं और ग्रामीण जनता को पेयजल, स्वच्छता, सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट, सामुदायिक भवन जैसे आवश्यक कार्यों में गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



इस पर ग्राम पंचायत आनंदगाँव के युवा सरपंच चंदन नायक ने बताया कि पंचायतों को अब तक किसी भी वित्तीय सहायता का आवंटन नहीं हुआ है। जिससे विकास योजनाएँ पूरी तरह से ठप है। अधिकारियों से बार-बार आग्रह करने के बावजूद केवल आश्वासन ही मिल रहा है। सरपंचों को ग्रामीणों के बीच नाराज़गी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि जनता उनसे विकास की उम्मीद रखती है, लेकिन संसाधन उपलब्ध नहीं है। सरपंच नायक ने बताया कि पिछले जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल में कई पंचायतों का कोष खाली कर दिया गया और अब नई निर्वाचित पंचायतें आर्थिक संकट से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि "ग्राम पंचायतें ही ग्रामीण विकास की पहली सीढ़ी है। अगर इन्हें ही वित्तीय रूप से कमजोर कर दिया जाए, तो गाँव का विकास रुक जाता है।

**एक्स में समस्या लिख पीएम को किया टैगः** इसी समस्या को लेकर सरपंच नायक ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स पूर्व ट्विटर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रधानमंत्री कार्यालय पीएमओ इंडिया को टैग करते हुए ट्वीट किया।

अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा छत्तीसगढ़ में पंचायत चुनाव हुए आठ महीने हो गए है, दीपावली बीत गई, लेकिन अब तक ग्राम पंचायतों को 15वें वित्त की राशि नहीं मिली है। पिछले जनप्रतिनिधियों ने ख़ज़ाना खाली कर दिया है।

जिससे वर्तमान सरपंचों को पंचायत संबंधित विकास कार्यों और मूलभूत सुविधाओं के लिए रोज़ाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जनता के बीच हमें भी नाराज़गी झेलनी पड़ रही है। अतः निवेदन है कि छत्तीसगढ़ की पंचायतों को तुरंत 15वें वित्त की राशि जारी की जाए।

### राशि रूकने से हो रही समस्याः सरपंच

उन्होंने यह भी कहा कि 15वें वित्त आयोग की राशि केंद्र सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों को दी जाने वाली एक महत्वपूर्ण राशि होती है जिससे पंचायतों के लगभग सभी विकास कार्य संचालित होते है। यदि यह राशि और अधिक समय तक रोकी गई, तो गाँवों में स्वच्छता, पेयजल, सड़क और सामुदायिक योजनाएँ गंभीर रूप से प्रभावित होंगी। सरपंच नायक ने मीडिया के माध्यम से भी सरकार और संबंधित विभागों से अपील की है कि इस मुद्दे पर तुरंत संज्ञान लिया जाए और पंचायतों को शीघ्र वित्तीय सहायता प्रदान की जाए ताकि गाँवों का विकास कार्य फिर से गति पकड़ सके। 15वें वित्त आयोग की राशि केवल एक अनुदान नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास की आत्मा है। इसे जारी करना अब अत्यंत आवश्यक है।

# कन्या स्कूल देवकर में मना तुलसी विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर विकासखंड साजा में बहुत ही हर्षोउल्लास के साथ तुलसी विवाह क़ा उत्सव मनाया गया। जिसमें गन्ने से माता तुलसी के विवाह क़ा मंडप सजाया गया। माता को हल्दी लगाकर हरदाही खेला गया। तुलसी माता की पूजा किया गया प्रधान पाठिका गिरिज़ा पटेल द्वारा बच्चो को तुलसी विवाह मनाए जाने की पौराणिक कथा बच्चों को सुनाई गई जिसे सुनकर वे बहुत प्रसन्न हुये।

इस उत्सव में संकुल समन्वयक प्रकाश कुंजाम क़ा आगमन हुआ। उन्होंने बच्चों को उक्त उत्सव से जुड़ी अनेक रोचक और ज्ञानवर्धक बातें बताई। उन्होंने कहा की त्योहारों क़ा हमारे जीवन मे बहुत महत्व हैं। इससे आपसी भाई चारा बढ़ता हैं तथा प्रत्येक त्यौहार हमारे



जीवन मे उत्साह लेकर आता हैं उन्होंने पूरे शाला परिवार को बधाई दी प्रधान पाठिका ने कहा की प्रत्येक त्यौहार या आयोजन क़ा धार्मिक के साथ साथ वैज्ञानिक महत्व भी होता. तुलसी की पूजा क़ा भी धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व के साथ साथ वैज्ञानिक और औषधीय कारणों से की जाती हैं तुलसी को देवी लक्ष्मी क़ा स्वरूप और भगवान विष्णु को प्रिय माना जाता हैं इसलिये इसकी पूजा से समृद्धि और सकारात्मकता आती हैं इसके अतिरिक्त तुलसी क़ा पौधा वातावरण को शुद्ध करता हैं और उक्त अवसर पर प्रधान पाठिका द्वारा न्योता भोज कराया गया। उक्त आयोजन वीणा रावटे ,पुष्पा महेशिया , प्रियंका सहित बालिकाएं उपस्थित थे।

### पुराने पैसों के लेनदेन को लेकर हुआ विवाद

**दुर्ग।** पुराने पैसों के लेनदेन को लेकर युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि बॉम्बे आवास उरला निवासी गोकुल महानंद पोलसाय पारा में फास्ट फूड का व्यवसाय करता है।

# आनंदमय जीवन की एकमात्र कुंजी आत्म जागृति : बीके पूनम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

अलविदा तनाव शिविर के तृतीय दिवस में पूनम बहन ने बताया देह अभिमान - दुख का मूल कारण बताते कहा हम एक चैतन्य आत्मा

■ आत्माभिमान (आत्मा की पहचान)- आनंदमय जीवन की अखूट कुंजी

है। जब हम अपने असली स्वरूप को भूल, अपने को शरीर देखते वा समझते है, तो इसे ही देह अभिमान कहा जाता है। वास्तव मे, यह देह का भान ही सभी विकार और दुख का कारण है। देह के भान वाली आत्मा अपने को निर्बल महसूस करेगी, क्योंकि देह की शक्ति सीमित होती है, जैसे देह स्वयं भी सीमित है। तो अब परमात्मा कहते है अपने को आत्मा-अभिमानी बनाओ, यह पुरुषार्थ करो। एक दूसरे को आत्मा देखो। आत्म जागृति अर्थात स्वयं की वास्तविकता को जानना। जेब हम आत्मा अभिमानी स्थिति मे थे, तो हम इस दुनिया के मालिक थे। आत्मा प्रकृति की मालिक अर्थात इस देह (शरीर) की मालिक थी। जैसे एक रथी रथ का मालिक होता है। सभी मे दिव्य गुण रहते थे, क्योंकि शांति, आनंद, प्रेम और पवित्रता - यह आत्मा के निजी संस्कार है जो हमे परमपिता



परमात्मा से मिले है।

### मनुष्य जीवन अति मूल्यवान

तो जब हम आत्मा अभिमानी बने, तो सहज ही यह सभी गुण हम मे आ जाते है - जिससे हमारा जीवन मूल्यवान बनता है। जो कहा जाता है - मनुष्य जीवन अति मूल्यवान जीवन है - यह अभी के समय के लिए गायन है। ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी 'अलविदा तनाव' कार्यक्रम में चिंता-मुक्त जीवन जीने के तरीके बताती हैं। यह एक ऐसा कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य तनाव प्रबंधन के बारे में लोगों को जानकारी देना और चिंता-मुक्त जीवन शैली अपनाना सिखाना है। इस कार्यक्रम में हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उन्हें तनाव से मुक्ति पाने के लिए व्यावहारिक टिप्स दिए गए।

**चिंता-मुक्त जीवन शैली के बारे में टिप्स :** 'अलविदा तनाव' नौ दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम में अभी तक 2000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी, जो एक तनाव प्रबंधन विशेषज्ञ हैं, ने चिंता-मुक्त जीवन शैली के बारे में टिप्स दे रही हैं। लोगों को तनाव से मुक्ति पाने और एक शांत जीवन जीने के लिए प्रेरित करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। मंडी प्रांगण बेमेतरा में आयोजित शिविर के दौरान लोगों ने तनाव मुक्त जीवन के तरीके सीखे। तनाव मुक्ति विशेषज्ञ ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने बड़ों के साथ बच्चों को भी टिप्स दिए।

**बच्चों ने भी सीखे टिप्सः** बच्चों ने सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्र-मुग्ध कर दिया। शशि दीदी ने बेहतर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया।


HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


समस्त प्रदेशवासियों को
छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस
एवं
रजत महोत्सव
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं।
छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव
25
वर्षों का उत्सव
वर्षों का संकल्प
माननीय
नरेन्द्र मोदी जी
का हार्दिक
स्वागत... वंदन... अभिनंदन...
मान. ईश्वर साहू
विधायक-साजा धमधा विधानसभा क्षेत्र
बुलाक साहू
मंडल अध्यक्ष साजा
केशव पटेल
मंडल अध्यक्ष थान खम्हरिया
नारद वर्मा
मंडल अध्यक्ष परपोडी
लोकेन्द्र भट्ट
मंडल अध्यक्ष धमधा
बीरबल पटेल
मंडल अध्यक्ष बोरी
जितेंद्र साहू
अध्यक्ष जनपद पंचायत साजा
हिमांशु वर्मा
अध्यक्ष नगर पंचायत साजा
देशुराम साहू
अध्यक्ष नगर पंचायत परपोडी
श्रीमती अनीता चंदन अग्रवाल
अध्यक्ष नगर पंचायत थान खमरिया
श्रीमती श्वेता प्रशांत अग्रवाल
अध्यक्ष नगर पंचायत धमधा
श्रीमती प्रेरणा शौर्य जीत सिंह
उपाध्यक्ष नगर पंचायत साजा
विनीत - समस्त भाजपा कार्यकर्ता एवं साजा धमधा विधानसभा क्षेत्र